Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to provide free electricity to farmers and interest free loans through Kisan Credit cards

श्री रामशिरोमणि वर्मा (श्रावस्ती): मैं सरकार का ध्यान देश के किसानों की तरफ दिलाना चाहता हूँ । आज हमारे देश का किसान बहुत परेशान है। किसानों की सबसे प्रमुख समस्या कृषि लागत में कई गुना बढ़ोतरी है । उदाहरण स्वरूप डी.ए.पी., यूरिया, पोटाश, बीज, कीटनाशक आदि के दामों में कई गुना बढ़ोतरी हुई है । इसके साथ ही साथ डीजल और बिजली की मंहगाई की वजह से लागत भी बढ़ी है ।

सरकार से मांग है कि किसानों की गम्भीर समस्याओं को देखते हुए अतिशीघ्र गन्ने का दाम लगभग 500 रु0 प्रति कुंतल बढ़ाया जाए व हमारे संसदीय क्षेत्र के जनपद बलरामपुर में बजाज चीनी मिल में किसानों के गन्ने का बकाया राशि जल्द से जल्द से भुगतान कराया जाये।

किसानों की फसलों का मूल्य भी लागत के अनुपात में बढ़ाया जाये । किसानों को निःशुल्क बिजली के साथ ही साथ किसानों के के.के.सी. लोन पर ब्याज फ्री किया जाए ।